कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कला एवं वाणिज्य(नवीन) महाविद्यालय
पुलिस मुख्यालय के पीछे, मालवीय छात्रावास भवन, भोपाल

https://govaccmh.ac.in/ ई.मेल आईडी – hegaccbho@mp.gov.in दूरभाष क्रमांक 0755–2555326

भोपाल दिनांक 08 / 10 /2024

//सूचना//

समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2024 में भागीदारी हेतु रासेयो स्वयंसेवकों की चयन प्रकिया दिनांक 09.10.2024 समय 12.00 बजे एनएसएस कक्ष में सम्पादित की जायेगी । इच्छुक विद्यार्थी अपने योग्यता संबंधी समस्त अभिलेख के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होवें ।

चयन प्रकिया हेतु निम्न मापदण्ड एवं क्षमताऐं निम्नानुसार है :–

1. पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में सहभागिता करने के लिये स्वयसेवक का MY Bharat पोर्टल पर पंजीयन होना अनिवार्य है ।
2. स्वयंसेवक ने एनएसएस में कम से कम एक वर्ष पूर्ण किया हो तथा एक सात दिवसीय शिविर में अवश्य भाग लिया हो ।
3. एक स्वयं सेवक को केवल एक बार ही पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा ।
4. छात्रा स्वयंसेवक की ऊंचाई 155 से.मी. से 170 से.मी. व छात्र स्वयंसेवक की ऊंचाई 165 से. मी. से 180 से.मी की बीच हो ।
5. स्वयंसेवक शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए ।
6. स्वयंसेवक 1.5 कि.मी की दौड़ 10 मिनिट में पूर्ण करने के साथ ही 30 मिनिट लगातार परेड करने की क्षमता रखता हो तथा 25 मीटर दूर से कमाण्ड दे सकता हो /सुन सकता हो ।
7. फ्लैट पैर एवं घुटने आपस में मिलना नहीं चाहिए ।
8. स्वयंसेवक की उम्र 16 वर्ष से कम नहीं होना चाहिये व अविवाहित होना चाहिए ।
9. स्वयंसेवक में अच्छा संचार कौशल होन चाहिए ।
10. स्वयंसेवक अच्छा परेड करने वाला होना चाहिए ।
11. स्वयंसेवक की असाधारण प्रतिभा को प्रत्यक स्तर पर चयन के लिये विचार किया जाना चाहिये ।
12. रासेयो दर्शन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का अच्छा ज्ञान एवं अनुभव होना चाहिये ।
13. एक इकाई से एक से अधिक स्वयंसेवक का चयन न करें, असाधारण योग्यता होने पर दो स्वयंसेवकों को आगे की चयन प्रकिया के लिए चयनित किया जा सकता है ।
14. स्वयंसेवक एनसीसी कैडेट नहीं होना चाहिए ।
15. + 2 स्तर से चयन नहीं किया जायेगा ।
16. स्वयंसेवक किसी भी रासेयो अधिकारी का संबंधी नहीं होना चाहिए ।

नोटः– चयन प्रकिया में भाग लेते समय सांस्कृतिक प्रस्तुति हेतु आवश्यकता अनुसार सांस्कृतिक वाद्य यंत्र, लोक वेशभूषा, सीडी/डीवीडी स्वयंसेवक साथ में लेकर आवे । स्वयंसेवक अनिवार्य रूप से जूते पहन कर आए तथा महाविद्यालय परिचय पत्र, स्वयंसेवक कार्य डायरी व चैक लिस्ट साथ में लेकर आएंगे ।

08/10/2024

(डॉ. कृष्णा सिंह)
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी (महिला इकाई)

(डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा)
प्रभारी प्राचार्य

vivo Y51
Oct 08, 2024, 14:50